प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक : 02 नवम्बर, 2026 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा के एक शिष्टमंडल ने लोक भवन, राँची में भेंट कर गिरिडीह जिले में स्थित जैन धर्म के पवित्र तीर्थ श्री सम्मेद शिखर जी की धार्मिक पवित्रता, सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के संबंध में ज्ञापन समर्पित किया।

ज्ञापन में शिष्टमंडल द्वारा उल्लेख किया गया है कि श्री सम्मेद शिखर जी जैन धर्म का सर्वोच्च तीर्थ है और मान्यता है कि 24 तीर्थंकरों में से 20 तीर्थंकरों सहित अनेक सिद्धात्माओं ने इसी पावन पर्वतराज पर मोक्ष प्राप्त किया। यह तीर्थ करोड़ों जैन श्रद्धालुओं की आस्था एवं आध्यात्मिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है।

ज्ञापन के माध्यम से महासभा ने तीर्थराज की धार्मिक गरिमा एवं प्राकृतिक स्वरूप की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने, पर्वतराज एवं तीर्थ क्षेत्र में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने तथा प्रवेश मार्गों पर जाँच एवं

निगरानी सुनिश्चित करने हेतु पहल करने का आग्रह किया। साथ ही, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध करने तथा स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा सहायता एवं आवागमन की बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने की माँग की।

शिष्टमंडल ने राज्यपाल महोदय से इस संवेदनशील विषय पर राज्य सरकार एवं संबंधित प्रशासन को आवश्यक निर्देश प्रदान करने हेतु आग्रह किया, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु निर्भीक होकर पूर्ण श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ तीर्थराज की वंदना कर सकें।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज लोक भवन, राँची में मत्स्य विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी श्री उपेंद्र पाठक द्वारा संकलित पुस्तक 'संचित विचार' का लोकार्पण किया। विदित हो कि जीवन को दिशा देने वाले प्रेरक एवं सकारात्मक विचारों के इस संग्रह में समाचार पत्रों, पत्रिकाओं तथा विभिन्न पुस्तकों से चयनित विचारों को संजोया गया है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि अच्छे विचार हमारी सोच को व्यापक बनाते हैं और जीवन में सही दिशा चुनने के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे विचारों को संकलित कर पुस्तक के रूप में प्रस्तुत करना सराहनीय पहल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक पाठकों को आत्मचिंतन करने, सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने तथा जीवन की चुनौतियों का सामना नई ऊर्जा के साथ करने के लिए प्रेरित करेगी।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने श्री उपेंद्र पाठक को इस सार्थक प्रयास के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज लोक भवन में गंगा प्रसाद बुधिया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मोरहाबादी (राष्ट्र संवर्धन समिति के छात्रावास) के छात्रों एवं श्री शिव नारायण मारवाड़ी कन्या मध्य विद्यालय, राँची की छात्राओं के साथ संवाद करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ने, निरंतर परिश्रम करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

राज्यपाल महोदय ने अपने जीवन-संघर्ष को साझा करते हुए कहा कि वे भी एक अत्यंत सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं और उनका जीवन अनेक संघर्षों एवं चुनौतियों के बीच बीता है। उन्होंने भावुक होकर बताया कि जब वे मात्र एक वर्ष के थे, तभी उनके सिर से पिता का साया उठ गया था। उनकी माता ने कठिन परिस्थितियों में उनका पालन-पोषण किया और उन्हें शिक्षा दिलाई। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें अच्छे विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिल रहा है और समाज के लोग शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियाँ व्यक्ति की प्रगति में बाधा नहीं बन सकतीं, यदि उसमें आगे बढ़ने का दृढ़ संकल्प और परिश्रम करने का जज्बा हो।

राज्यपाल महोदय ने बच्चों से अच्छे नागरिक बनने का आह्वान करते हुए कहा कि पढ़ाई के दौरान किसी विषय को लेकर संशय हो तो अपने शिक्षकों एवं सहपाठियों से पूछकर उसे समझें। जिज्ञासा और सीखने की इच्छा ही ज्ञान को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि देश की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी का जीवन-संघर्ष भी इस बात का प्रेरक उदाहरण है कि सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाला व्यक्ति अपनी प्रतिभा, परिश्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर जीवन में ऊँचा मुकाम हासिल कर सकता है। उन्होंने बच्चों से अपने सपनों को सीमित न रखने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने बच्चों को लोक भवन, राँची के उद्यान का उल्लेख करते हुए मौजूद कल्पतरु, रुद्राक्ष एवं सिंदूर सहित अन्य विशिष्ट पौधों के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने लोक भवन उद्यान का भ्रमण भी किया।